तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



2 विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने गांव गांव पहुंच रही योजनाओं की जानकारी




## खबर संक्षेप

### सक्ती के हटरी धर्मशाला में भजन उत्सव कार्यक्रम कल

**सक्ती।** नए साल 2024 का स्वागत शहर के श्याम प्रेमी बाबा खाटू श्याम के पूजा अर्चना के साथ करेंगे। सोमवार 1 जनवरी की रात्रि 7 बजे से हटरी धर्मशाला में शुकराना श्याम का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के इंदौर के भजन गायक सौरभ शर्मा विशि एवं कोलकाता के भजन गायक अमोल शुभम पाराशर अपनी प्रस्तुति देंगे। नए वर्ष में होने वाले आयोजन को लेकर श्याम प्रेमी तैयारी में जुटे हुए है।

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

### 8 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### चन्द्रनाहू विकास समिति की जैजैपुर में आमसभा आज

**सक्ती।** चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति की 77 वीं विशाल महासभा का आयोजन रविवार 31 दिसंबर को दशहरा मैदान नगर पंचायत जैजैपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति मुख्यालय चन्द्रा भवन स्टेशन रोड सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का वर्तमान कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को समाप्त होने जा रहा है। पंजीकृत नियमावली के अनुसार महासभा का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। समस्त क्षेत्रिय अध्यक्षों एवं ग्राम प्रमुखों व समाज के समस्त जनप्रतिनिधिगण, आजीवन सदस्य से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### जल आवर्धन योजना के दो वर्ष का काम पांच बरस बाद भी अधूरा

# नल से पानी का इंतजार करते गुजर गया एक और साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में जल आवर्धन योजना का काम कछुआ चाल से चल रहा है। योजना के तहत काम पांच साल पहले शुरू हुआ था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था, लेकिन अब तक महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। ऐसे में ये साल भी नल से पानी के इंतजार में गुजर गया। अब ठेकेदार ने फिर से समय वृद्धि की मांग की है। इधर नगरवासी अब आने वाले साल में नल से पानी मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के घर-घर पानी पहुंचाने के लिए नल जल योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से काम कराया जा रहा है। काम की गति काफ़ी धीमी है जिसके कारण लगातार समय बढ़ाने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है। पूर्व में कार्य पूर्णता की अवधि अक्टूबर 2020 तय की गई थी, लेकिन काम की मंद गति के कारण इसकी अवधि को दो साल बढ़ा कर अक्टूबर 2022 किया गया। इस अवधि में भी 50 फीसदी काम नहीं हो सका। ठेकेदार ने फिर से एक्सटेंशन की मांग की और उसे नवंबर 2023 तक का समय दिया गया। एक्सटेंशन की यह अवधि भी समाप्त हो चुकी है और महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। ठेकेदार ने अब एक बार फिर से एक्सटेंशन की मांग की है। जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार से पार हो चुकी है, लेकिन नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। शहरवासी हैंड पंप और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है , लेकिन गर्मी आते ही वाटर लेबल डाउन होने के कारण पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे निपटने के लिए नगर पालिका जांजगीर नैला ने हसदेव जल आवर्धन की योजना भी बनाई है, लेकिन यह योजना अधर में है। योजना के तहत नगर में दो टंकी बननी है, वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है। अभी तक इंटेकवेल के पास से लेकर शहर तक पाइपलाइन ही पहुंचा है। कुछ वार्डों में इसका विस्तार भी हुआ है, लेकिन बाकी मोहल्लों में पाइप लाइन विस्तार का काम नहीं हो सका है। ऐसे में प्रोजेक्ट कब तक पूरा होगा और नगरवासियों को कब तक इसका लाभ मिलेगा, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।



आधी अधूरी पानी की टंकी।

#### एक दशक से चल रही पानी लाने की कवायद

जांजगीर चांपा जिला का गठन 25 मई 1998 को हुआ। दो दशक से अधिक अवधि गुजरने के बाद भी जिला मुख्यालय जांजगीर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिला मुख्यालय जांजगीर में वाटर सप्लाई के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया। पाइप लाइन विस्तार करने के साथ ही पानी टंकी, इंटकवेल और संपवेल बनाए गए, लेकिन यह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद पिछले चार साल से 35 करोड़ की लागत से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है। इस बार भी काम की रफ्तार इतनी धीमी है कि पांच साल बाद भी प्रोजेक्ट का काम अधूरा पड़ा है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है, लेकिन इस कवायद में एक दशक से अधिक गुजर गया है। सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आम जनता साफ पानी के लिए तरस रही है।

#### फिर मांगा समय

जल आवर्धन योजना का काम करने ठेकेदार ने फिर से समय मांगा है। पूर्व में समय बढ़ोतरी करते हुए उसे नवंबर 2023 तक का समय दिया गया था। अब उसकी कार्ययोजना को देखकर आगे समय बढ़ाया जाएगा। परिषद में भी इसे लेकर चर्चा की जाएगी।

**-चंदन शर्मा,**
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

# सड़क पर मौत का पहरा सालभर में गई 184 जान

### किसी घर का चिराग बुझा तो कहीं छिन गया मुखिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अच्छी बुरी यादें लेकर साल 2022 की विदाई हो रही है। ये साल कई लोगों को जिंदगीभर का दर्द दे गया। सड़क हादसों में लोगों ने अपने करीबियों को गंवा दिया। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के घरवाले अपनों को खोने का गम नहीं भुला पा रहे हैं। जिले में सालभर में 458 सड़क हादसे हुए। इन हादसों में 184 लोग काल कवलित हो गए। वहीं 398 लोग घायल हुए।

जिले की सड़कों पर मौत की गश्त हो रही है। जरा सी चूक के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं। साल 2023 सड़क हादसों के बीच गुजरा। जिले में सालभर में सड़क हादसों के 458 प्रकरण दर्ज किए गए। हादसों में 184 लोगों की मौत हुई, जबकि 398 लोग घायल हुए हैं। इनमे राष्ट्रीय राजमार्ग में 119 हादसे हुए हैं। इन हादसों में 112 लोग घायल हुए। वहीं 37 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह राजकीय राज मार्ग में सड़क हादसों के 97 प्रकरण दर्ज किए गए। हादसों में 88 लोग घायल हुए, जबकि 42 की जान चली गई। इधर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अन्य मार्ग में 242 हादसों में 118 लोग घायल हुए। वहीं हादसे के शिकार 105 लोगों की मौत हो गई। सड़क हादसों में कई घर का चिराग बुझ गया तो कुछ घरों के मुखिया ही दुनिया से चल बसे।



पकरिया रोड में 10 दिसंबर को हुए हादसे में नवविवाहित जोड़े समेत 5 की हुई थी मौत

#### सड़क हादसों के प्रमुख कारण

सड़क हादसों के कई कारण सामने आ रहे हैं। जल्दबाजी में तेज रफ्तार से वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, यातायात नियमों की अनदेखी करना इनमे प्रमुख हैं। इसके आलावा उबड़ खाबढ़ सड़कों के कारण भी कई लोग हादसे के शिकार हो रहे हैं। कई मामलों में नाबालिग वाहन चालकों के कारण भी दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दुर्घटनाओं में मौत ज्यादातर बाइक सवारों की हो रही है। बाइक सवारों को सिर पर हेलमेट न लगाना महंगा पड़ रहा है। सिर पर गंभीर चोट लगने से बहुत से बाइक चालकों की मौत हुई है। भारी वाहनों की चपेट में आकर अधिकांश लोगों की जान गई है। सड़क पर दौड़ते ट्रेक्टर की चपेट में आकर भी कई बाइक सवार काल कवलित हुए हैं।

#### शादी की खुशियां बदली मातम में

जिले में 10 दिसंबर को सबसे बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में नव विवाहित जोड़े समेत एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। बलौदा में रहने वाले ओमप्रकाश सोनी अपने इकलौते बेटे 25 वर्षीय शुभम सोनी की शादी कराकर शिवरीनारायण से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में पामगढ़ और अकलतरा के बीच तेज रफ्तार ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। ऐसा भीषण हादसा हुआ कि कार सवार दूल्हा शुभम, दुल्हन नेहा, दूल्हे के पिता ओमप्रकाश, दूल्हे की बुआ रेवती और फूफा सरजू की मौके पर मौत हो गई। जिस घर में बहू की अगुवानी को लेकर ख़ुशी का माहौल था वहां मातम पसर गया। घर में एक साथ 5 लाश पहुंची और गमगीन माहौल में स्थानीय मुक्तिधाम में एक साथ सभी का अंतिम संस्कार किया गया।



सड़क किनारे पलटा ट्रक।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक टक्कर से टूटा हनुमान मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग में सड़क हादसा हुआ है जिसमे शक्कर की बोरियों से भरा ट्रक पलट गया। वहीं हनुमान मंदिर भी ट्रक की टक्कर से टूट गया। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 4 एन एच 6122 को लेकर चालक निकला था। ट्रक में शक्कर की बोरियां लोड थी। शनिवार 30 दिसंबर की सुबह करीबन 7 बजे बिर्रा के मुख्य मार्ग में बने स्पीड ब्रेकर के पास अचानक से ब्रेक लगाया। तेज रफ्तार होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे जा पलटा। जिससे ट्रक में भरी बोरियों का शक्कर सड़क में बिखर गया। वही सड़क किनारे बना हनुमान मंदिर भी ट्रक की टक्कर से टूट गया। मौके पर लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रक के पलटने बिलासपुर रायपुर को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग में वाहनों को लंबी कतार लगी हुई थी। किसी तरह से सड़क से ट्रक को किनारे किया गया है जिसके बाद से आवागमन बहाल हो सका।

## थर्टी फस्ट नाइट के सेलिब्रेशन में न हो खलल, चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नए साल के स्वागत और 2023 की विदाई के लिए लोगो में भारी उत्साह है। लोग अभी से थर्टी फस्ट नाइट सेलिब्रेशन और पिकनिक की तैयारी कर रहे है। वही पुलिस प्रशासन ने भी नये साल को शांति पूर्वक स्वागत और लोगो की सुरक्षा के लिए ख़ास इंतजाम किए है। गाँव और शहरी क्षेत्र में अपनी पैनी नजर बना कर रखने की तैयारी की गई है।

नए साल के स्वागत के लिए हर वर्ग में उत्साह देखा जा रहा है। युवाओं नए थर्टी फस्ट नाइट सेलिब्रेट करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वहीं परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने की भी तैयारियां हो रही हैं। जश्न के दौरान कई बार हादसे भी हो जाते हैं। वहीं उपद्रव की शिकायतें भी सामने आती हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने खासी तैयारी की है। वहीं इसे लेकर एस पी विजय अग्रवाल ने इसको लेकर एडवाईजरी जारी की गई है। वहीं शनिवार को पुलिस अधिकारियो की बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि उत्साह के साथ लोगो को क़ानून का भी ज्ञान होना आवश्यक है, जिसके लिए अभी से चौक चौराहो में पुलिस तैनात कर लिए गए हैं। इस बार 20 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। थानों में 45 पॉइंट बनाए गए हैं। ये पॉइंट 30 दिसंबर से एक्टिव हो गए हैं। नाबालिग बाइक चालक, तीन सवारी घूमने वालो के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही लोगो को नए साल के स्वागत में तेज आवाज में डीजे नहीं बजाने, रात 10 बजे के बाद डीजे बंद करने और सड़क में किसी भी तरह का भीड़ जमा नहीं करने की नसीहत दी जा रही है। नियमों का पालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### खास बात

- बनाई गई 20 पेट्रोलिंग पार्टी, थानों में 45 पॉइंट
- रात 10 बजे के बाद डीजे बंद करने और भीड़ जमा नहीं करने दी जा रही नसीहत



शांति व्यवस्था बनाने को लेकर जांच करती पुलिस टीम।

## चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिला के घर घुसकर चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर की रात पीड़िता महिला घर में अकेली थी। इसी दौरान ग्राम अमरताल निवासी 65 वर्षीय नान ठाकुर डहरिया उसके घर घुस गया। महिला को चाकू दिखाकर वह छेड़छाड़ करने लगा। महिला द्वारा शोर मचाते हुए विरोध करने पर नान ठाकुर ने चाकू निकाल लिया। महिला के साथ मारपीट करते हुए उसने चाकू की नोंक पर दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। महिला ने अकलतरा थाना पहुंचकर आपबीती बताई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी नान ठाकुर डहरिया के खिलाफ भादंवि की धारा 376, 506, 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी अमरताल निवासी नान ठाकुर डहरिया को गिरफ्तार कर 29 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तुलसिंह पटटावी, उनि बी.एन. कोसरिया आरक्षक शेषनारायण साहू, बृजपाल बर्मन का योगदान रहा।



## 90 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा पुलिस ने 90 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि अकलतरा शहर के वार्ड क्रमांक 19 निवासी दिलीप सारथी उम्र 44 वर्ष द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जाता है। मुखबीर ने पुलिस को बताया कि थाना अकलतरा क्षेत्र के अंधियारी पाठ में अवैध शराब बिक्री की जाती है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की । इस दौरान दिलीप सारथी के कब्जे से अलग अलग बड़े जारिकेंन में रखे 90 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 9 हजार रुपए बताई जा रही है। थाना अकलतरा में आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर 30 दिसंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी टी. एस. पटटावी व थाना अकलतरा स्टाफ का योगदान रहा।



जब्त शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।










## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चांपा के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 31 दिसंबर को प्रातः 11 बजे मन की बात कार्यक्रम से आम जनता से जुड़ेंगे मन की बात का प्रसारण रेडियो दूरदर्शन, टेलीविजन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त नेताओं, कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ के अध्यक्षों से निवेदन किया है कि जांजगीर चांपा जिला के सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ पर मन की बात को आवश्यक रूप से सुने एवं आम जनता को सुनने के लिए प्रेरित करें मन की बात को गांव के गुड़ी में, चौपाल में किसी सार्वजनिक स्थल पर, सामुदायिक भवन पर एकत्रित होकर के अधिक से अधिक संख्या में सुने मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात बुथ की बैठक भी संपन्न करें जिसमें पार्टी के अन्य कार्य योजना के बारे में चर्चा कर पार्टी के काम को आगे बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाएं।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा की अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं। फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### चांपा के लायंस स्कूल का वार्षिकोत्सव 2 को

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव समर्पण 2024 का आयोजन मंगलवार 2 जनवरी को अपरान्ह 3:30 बजे से पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, कार्यक्रम प्रभारी नंदकुमार देवांगन तथा प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने बताया कि स्कूल के वार्षिकोत्सव समर्पण 2024 में विद्यार्थियों द्वारा समूह एवं एकल नृत्य, एकांकी तथा नाटक सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने आमंत्रितो से कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया है।

### कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद एवं संयुक्त सचिव

# विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने गांव गांव पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन पामगढ़ ब्लाक के ब्यासनगर और बम्हनीडीह ब्लाक के बिर्रा में किया गया। कार्यक्रम में सांसद गुहाराम अजगले एवं संयुक्त सचिव अशोक चौबे शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

**खास बात**

- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत किया लाभान्वित



हितग्राही को योजना के तहत लाभान्वित करते अतिथि।

कार्यक्रम के दौरान सांसद गुहाराम अजगले ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस कार्यक्रम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी और योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाया जा रहा है। हमारा देश हमारा राज्य और हमारा क्षेत्र विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। संयुक्त सचिव श्री चौबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। पूर्व विधायक अम्बेश जांगड़े ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हमारे गांव ग्राम पंचायत नंदेली में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। यह कार्यक्रम हमारे विकास की यात्रा हैं। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रशस्ति प्रमाण पत्र, सुपोषण किट से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ एवं उनके जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जयरामनगर के प्रांगण में आम और अमरूद के पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर पर के के चंद्रा, श्रीमती मोहनकुमारी साहू, होरी लाल, संतोष लहरे, जिला पंचायत सीईओ आर. के. खुटे , एसडीएम पामगढ़ आर. के. तम्बोली एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ईंट भट्ठा संचालक कर रहे पर्यावरण नियमों की अनदेखी, कार्रवाई का पता नहीं

## सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है मगर अवैध ईंट भट्ठी संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। बम्हनीडीह तहसील के कनकपुर, परसापाली , पोड़ीशंकर में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों की बाढ़ आने लगी है। कुम्हार जाति को मिले छूट का लाभ रसूखदार लोग उठा रहें हैं और लाल ईंट का अवैध निर्माण कर मोटी कमाई करने में जुटे हैं।

शासन-प्रशासन द्वारा आए दिन खनिज विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया जाता है। बम्हनीडीह के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईंट भट्ठे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। तहसील क्षेत्र के कनकपुर, परसापाली,पोड़ी शंकर, गोविंदा के साथ साथ तहसील कार्यालय के पीछे खपरीडीह सहित कई ऐसे ईंट भट्ठों पर न तो प्रशासनिक लगाम लग पा रहा है और न ही किसी तरह रायल्टी वसूली हो पा रही है। तहसील क्षेत्र के अधिकतर गांवों में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। शासन-प्रशासन के नियम कायदे को ईंट भट्ठे के संचालकों ने ताक पर रख दिया है। इसके चलते वे न तो विभाग से किसी तरह अनुमति लेना जरुरी समझते न ही रायल्टी की राशि जमा करते। गांव-गांव में लोग ईंट बना रहे हैं, मगर खनिज विभाग की अनदेखी से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे शासन को लाखों रुपयों के खनिज रायल्टी का नुकसान हो रहा है जबकि लाल ईंट बनाने वाले ईट भट्ठा संचालकों द्वारा कई जगह ईट भट्ठे का निर्माण कर लाखों रूपयें की कमाई की जा रही है, वहीं पर्यावरण को दूषित किया जा रहा है। ईट भट्ठा के लिए पहले खनिज विभाग व पर्यावरण से इसकी मंजूरी लेकर ईट बनाने का कार्य किया जाता है, लेकिन इस क्षेत्र के रसूखदारों द्वारा बिना स्वीकृति लिए ही ईट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। अवैध ईट भट्ठों से न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि राजस्व एवं जंगल की लकड़ी, पानी, मिट्टी, चोरी की बिजली का जमकर इस्तेमाल जमकर किया जा रहा है। इसके कारण लगातार भू जल स्तर गिरता जा रहा है। तहसील क्षेत्र के अधिकतर गांवों में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन जोरो पर है जिन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नही होने से अवैध ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद है।



बम्हनीडीह में संचालित ईट भट्ठा।

# मानस गायन प्रतियोगिता में अनिता बनी विजेता

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह में अखंड नवधा रामायण मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिलासपुर की अनिता साहू को मिला। द्वितीय स्थान पर कोरबा की लक्ष्मी कंवर रही।

अखंड नवधा रामायण समिति द्वारा मानस प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसका संचालन श्यामलाल डडसेना ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम अनीता साहू बिलासपुर, द्वितीय लक्ष्मी कवर दादर कोरबा, तृतीय रामावतार कोरबा, चतुर्थ ममता बलौदा, पंचम छ.ग. लोक लहर पलाड़ी कला, षष्टम सुनीता कंवर अकलतरा, सप्तम धात्री वैष्णव रायगढ़, अष्टम रागनी ओड़ेकेरा, नवम पूजा नैला, दशम सोमनाथ कोरबा ने स्थान प्राप्त कर पुरस्कार एवं शील्ड प्राप्त किये। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता 15 वर्ष से कम आयु में प्रथम अंजू, द्वितीय रिया, तृतीय संजीता, चतुर्थ दिलेश्वरी, पंचम क्रांति यादव एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम गीता, द्वितीय गायत्री, तृतीय सरस्वती, चतुर्थ रामेश्वरी, पंचम ज्योति ने स्थान प्राप्त कर पुरस्कार एवं शील्ड प्राप्त किये। आयोजन को सफल बनाने में रमेश पटेल ललित पटेल मनोज पटेल भूपेंद्र डडसेना संतोष पटेल रूद्र सेन, संतोष लक्ष्मी नारायण दुष्यंत सिह राज, मनोज बरेठ, मुकेश बरेठ पुष्पेंद्र जायसवाल राजकुमार पटेल पीला पंकज पटेल शुभम दीवान, पवन, संजय पटेल, दिलीप पटेल, दिनेश डडसेना, बावा राम जायसवाल, राहुल सिंघानिया, मोनू केसरवानी का योगदान रहा।



# भारत संकल्प के शिविर में लोगों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत झिलमिली में किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को दी जा रही है। इसके लिए सभी विभाग द्वारा अपने स्टाल लगाए गए हैं।

शिविर में भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष लहरे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए ग्रामीण स्तर पर अनेक जन उपयोगी एवं हितग्राही मूलक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले इसका प्रयास लगातार किया जा रहा है इस शिविर के माध्यम से लोगों को जागृत कर लाभ दिलाने का काम शासन प्रशासन कर रही है छत्तीसगढ़ की सरकार ने जो चुनाव के समय गारंटी दी है उस गारंटी पर अमल होना अब शुरू हो गया है और वादे के अनुरूप सारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलेगा। शिविर में भाजपा के जिला मंत्री गुरुदयाल पाटले ने कहा की छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादे अब मूर्त रूप लेने लगे हैं सभी वादों को बहुत जल्द ही पूरा किया जाएगा चाहे वह 3100 में धान खरीदी की बात हो या फिर उज्जवला गैस में सब्सिडी की बात हो या फिर मातृ वन्दन योजना की बात हो सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए सरकार कटिबंध है। इस शिविर में उपस्थित जन समुदाय को शपथ दिलाने संकल्प पत्र का वाचन दिनेश थवाईत ने किया शिविर में समूह की महिलाओं ने अपने समूह के मिशन से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं स्कूली बच्चों ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश गोस्वामी, सरपंच कमल रात्रे, सचिव आनंद पाटले, रामखिलावन दिनकर, नरेंद्र भास्कर सहित विभिन्न विभागों के प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



संकल्प शिविर में लोगों को जानकारी देते अतिथि।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सूर्यवंशी गौरव सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सूर्यवंशी गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समापन समारोह का आयोजन जांजगीर चांपा के विधायक व्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि व्यास कश्यप ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्यांश शिक्षा महा महोत्सव के आयोजन समाज के लिए बहुत ही उपयोगी है। आयोजन बाबा साहब अम्बेडकर के दिए मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, सघंर्ष करो पर आधारित है। इस मौके पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सामाजिक चेतना सम्मान पुरी राम सूर्यवंशी को, सामाजिक दृष्टा सियाराम लटियार सामाजिक एवं दलित उत्थान सम्मान दया राम श्यामले को, महामानव ज्योतिबा फुले सामाजिक कल्याण सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विश्वनाथ गढ़ेवाल को, माता सावित्री देवी फुले नारी चेतना सम्मान श्रीमती कुमारी बाई दिल्ली को, गोदिल प्रसाद अनुरागी सामाजिक समरसता सम्मान राम अवतार सूर्यवंशी को, प्यारेलाल राजगीर विधि सेवा सम्मान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रदीप राजगीर को, एल.एन. सूर्यवंशी प्रशासनिक सेवा सम्मान टी.पी. भावे उप संचालक समाज कल्याण विभाग को, जयशंकर ताम्रे अभियांत्रिकी सेवा सम्मान झंकारेश्वरादित्य प्रधान उप प्रबंधक एन.टी.पी. सी. सीपत को, गजाधर प्रसाद सूर्यवंशी संगीत कला सम्मान अमरनाथ सूर्यवंशी दिल्ली को मरणोपरांत को, कविराज बलराम कारके उत्कृष्ट कवि सम्मान सरगुजा विश्वविद्यालय अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी को, वीर शहीद दौलतराम लदेर कर्तव्य परायणता पुरस्कार विनोद मंजारे प्रबंधक एन.टी.पी.सी. सीपत को, डॉ. गणेश सूर्यवंशी चिकित्सा सेवा सम्मान लोहारा कबीरधाम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय खरसन को प्रदान किया।

# अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास पर मतदान कल

**पामगढ़।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन की तिथि तय हो गई है। अध्यक्ष के लिए 1 जनवरी और उपाध्यक्ष के लिए 2 जनवरी को मतदान होगा।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सम्मिलन कराने के लिए पामगढ़ एसडीएम को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार पटेल और उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के खिलाफ जनपद सदस्यों ने आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। इस पर कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन कराने के लिए 1 जनवरी को तारीख तय की है।

### खोरसी में रामकथा ज्ञान यज्ञ 3 से प्रारंभ

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत खोरसी में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 3 से 12 जनवरी तक जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में नवज्योति दूर्गा उत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 से 12 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें आचार्या देवी राधे प्रिया वृंदावन धाम होंगी। बुधवार 3 जनवरी को कलश, शोभायात्रा, मंगलाचरण,मानस महिमा, 4 जनवरी को सति मोह शिव विवाह, 5 जनवरी को पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाललीला, अहिल्या उद्धार, सीताराम विवाह, 7 जनवरी को राज्याभिषेक प्रस्ताव, केंवट प्रसंग, 8 जनवरी को दशरथ स्वधाम, चित्रकूट निवास, भरत मिलाप, 9 जनवरी को मुनीसंरक्षण, पंचवटी निवास, सीताहरण, 10 जनवरी को शबरी का प्रेम,राम हनुमान मिलन, लंका दहन, 11 जनवरी को विभिषण शरणागति, लंका विजय,राम राज्याभिषेक, 12 जनवरी को तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज का आयोजन रखा गया है।

# नवनियुक्त मंत्री लखन का नगर आगमन पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कोरबा विधायक एवं प्रदेश शासन के नवनियुक्त केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का जांजगीर होते हुए सड़क मार्ग से गुरूवार 28 दिसम्बर को प्रथम बार नगर आगमन हुआ। इस दौरान जगह - जगह उनका समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनाकर तथा पटाखे फोड़कर आतिशी स्वागत किया गया।

- जगह - जगह समर्थको व भाजपाईयों ने फूलमाला पहनाई

प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री एवं कोरबा के विधायक लखन लाल देवांगन गुरूवार 28 दिसम्बर को सड़क मार्ग से जांजगीर होते हुए पहली बार कोसा - कांसा एवं कंचन की नगरी चांपा पहुंचे। रात्रि में करीब 10 बजे उनका नगर आगमन पर जगह - जगह भव्य आतिशी स्वागत किया गया। नगर के प्रवेश द्वार हसदेव बेरियर से प्रारंभ हुआ उनके स्वागत का सिलसिला परशुराम चौक, गौरव पथ में गुरूनानक रेसीडेंसी स्थित लायन उत्तम प्रकाश देवांगन के निवास तक चला। यहां उनका समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर तथा फूलमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। यहां से मंत्री लखन देवांगन मारूति टाउनशिप स्थित आनंदम धाम पहुंचे जहां उनका आचार्य सत्येन्द्र सिंह तथा परिवार वालो द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा कौसेय शाल पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रथम नगर आगमन पर उनका स्वागत करने वालो में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, उत्तम प्रकाश देवांगन, कोमल प्रकाश देवांगन, पार्षद तमिन्द्र देवांगन, संतोष सिंह जब्बल, टीकम कंसारी, रामप्रपन्न देवांगन, नरेश देवांगन, रामनारायण देवांगन, सुरेश देवांगन, विपिन देवांगन, राम खूबवानी, सूर्यकांत साहू, विनोद अग्रवाल, सुमीत जिंदल, शंकर शर्मा, किशोर गोदेजा, कल्लू पठान, बबलू थवाईत, वासु साहू, मनोज धामेचा, मनोहर जेठानी, सुधीर गर्ग, राजू देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन (बबलू), जगेश्वर केशरवानी, विक्रांत बघेल आदि शामिल थे।





मंत्री लखन लाल देवांगन का स्वागत करते समर्थक, मंत्री लखन लाल देवांगन का स्वागत करते सत्येन्द्र सिंह

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं बलराम चन्द्रा उम्र 64 साल पिता स्व. अनिरूध्द चन्द्रा निवासी जाँजगीर तहसील जाँजगीर जिला : जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का हूँ, जो कि शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हूँ।

01. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ ।

02. यह कि मेरे द्वारा क्रय भूमि मौजा जांजगीर प.ह.नं 10 रा.नि.म. व तहसील जांजगीर अवस्थित भूमि खसरा नं 3787 में से रकबा 0.14 एकड़ की रजिस्ट्री मूल स्टाम्प प्रति दिनांक 26.12.2023 को जाँजगीर कचहरी चौक के आस पास कही गुम हो गया हैं, जिसका मैं बहुत खोजबीन किया, परन्तु कही नहीं मिला, जिसके लिये सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने लायक हैं।

03 यह कि उक्त कथन के अलावा और कोई अन्य कारण नहीं है।

**शपथकर्ता**
**बलराम चन्द्रा**

**सत्यापन**

मैं बलराम चन्द्रा (शपथकर्ता) यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से लेकर 03 तक की बातें मेरी जानकारी व विश्वास से सही एवं सत्य हैं, अतः आज दिनांक 30.12.2023 को मुकाम - जांजगीर में इसे लिखाकर, पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**
**बलराम चन्द्रा**

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
मो.- 8269419396, 8670024465

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी • मलबरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियां • सलवार सुट • दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)

Health Town
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
9406004581
7869048102
जड़ से इलाज



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

लाइफ Style



# श्रुति हासन


## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला




# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

**लॉस एंजिलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

# रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में



बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।

# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठानः** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई। AI** आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करैक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



## अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्यवनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।

### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

# 50 साल की हुईं एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद!! भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

यादें हरिभूमि 2023



23 अगस्त 2023



## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने किया औचक निरीक्षण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के चीफ जस्टिस ने सक्ती जिला एवं सत्र न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्था पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई।



1 फरवरी 2023

## तीन साल बाद हुआ जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं कृषि मेला

जिले की पहचान जाज्यल्यदेव महोत्सव एवं कृषि मेले के आयोजन पर कोरोना काल में विराम लग गया था। तीन साल बाद तीन दिवसीय कृषि मेला एवं लोक महोत्सव का शुभारंभ जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने किया।



20 मई 2023

## ट्रेलर और हाइवा में भिड़ंत, दो ड्राइवर और एक हेल्पर की मौत

चांपा थाना क्षेत्र के हथनेवरा तेज रफ्तार ट्रेलर और हाइवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो ड्राइवर और एक हेल्पर की मौत हो गई।



1 जून 2023

## पार्षदों ने नगर पालिका में जड़ा ताला

अकलतरा सीएमओ व इंजीनियर पर भुगतान में मनमानी का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने नगर पालिका के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ गए।



16 जनवरी 2023

## लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय का शुभारंभ

जिला न्यायालय परिसर में लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय का उद् घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश ने किया।

26 जनवरी 2023

## राणी सत्ती दादी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा



मड़वा रोड स्थित नारायणी धाम परिसर में राजस्थान के झुंझुनू की तर्ज पर बने रानी सत्ती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई।

2 जुलाई 2023





## बहुप्रतीक्षित रेलवे ओव्हरब्रिज की लोगों को मिली सौगात

करीब दस साल के लंबे इंतजार के बाद जांजगीर व चांपा के बीच खोखसा रेलवे फाटक पर 29 करोड़ की लागत से निर्मित ओव्हरब्रिज का लोकार्पण वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। समारोह में डॉ. चरणदास महंत, नारायण चंदेल, राजेश्री महंत, दिनेश शर्मा सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

15 मई 2023



## रोगदा में जहरीली शराब पीने से सेना के जवान सहित तीन की मौत

नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम रोगदा में जहरीली शराब पीने से सेना के जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में किराना दुकान संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने शराब में जहर मिलाने की बात कही। इसके बाद अमोदा में 31 अगस्त को शराब पीने के बाद दो लोगों की मौत हुई थी। फिर 4 अकलतरा थाना क्षेत्र के परसाही बाना में शराब पीने से तीन लोगों की मौत हुई थी।



16 जनवरी 2023

## चंद्रपुर डकैती का पर्दाफाश

चंद्रपुर में भाजपा पार्षद के घर डकैती की बड़ी वारदात हुई। छह दिनों बाद सक्ती पुलिस ने इसका पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनसे 50 लाख रुपए का माल बरामद हुआ।



2 फरवरी 2023

## घुसा जंगली हाथियों का झूंड, ली एक की जान

फरवरी महीने की 2 तारीख को सक्ती के भालूडेरा होते हाथियों का झूंठ घूस आया। दो दिनों तक सक्ती जिले में उत्पात मचाते हुए हाथियों ने एक की जान ले ली। इसके बाद दो दिनों तक जांजगीर जिले के नवागढ़, अमोरा और अकलतरा क्षेत्र में उनका डेरा रहा।


## सड़क हादसा, दूल्हा, दूल्हन समेत पांच की मौत

10 दिसंबर 2023

10 दिसंबर को पकरिया रोड में भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में शादी करके लौट रहे बलौदा के सोनी परिवार के पांच लोगों की जान चली गई। इनमें दूल्हा, दूल्हन, ससुर व बुआ-फूफा शामिल रहे। सभी की चिताएं साथ जली।



13 अगस्त 2023



## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने ली सभा

13 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जांजगीर आगमन हुआ। उन्होंने भरोसे का सम्मेलन में चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान 436 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन हुआ।

## घटनाक्रम

**4 जनवरी**–केएसके वर्धा पॉवर प्लांट में कार्यरत भू विस्थापित एवं ठेका मजदूरों ने प्लांट प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा।

**24 फरवरी**–अतिक्रमण हटाओ अभियान: सक्ती के बुधवारी बाजार में 70 से अधिक मकान व दुकान तोड़े गए।

**28 मार्च**–नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कटौद में नया खाता खुलवाने और उसे महादेव एप में जोड़ने के मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**10 अप्रैल**–दुष्कर्म के आरोप में जिला जेल में बंद एक सजायाफ्ता कैदी ने बैरक में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

**11 मई**–माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में जांजगीर जिले से 3 व सक्ती जिले में 8 छात्र–छात्राओं ने मेरिट में स्थान बनाया।

**14 जून**–जांजगीर–नैला पालिका में प्रस्तुत हुआ 39 करोड़ का वार्षिक बजट।

**1 जुलाई**–सकरेली फाटक पार कर रहा ट्रक ओएचई तार की चपेट में आ गया और आग से जलकर खाक हो गया।

**27 अगस्त**–केबीसी की हॉट सीट तक पहुंचे शहर के युवा व्यवसायी विवेक अग्रवाल। शूटिंग से लौटने पर हुआ स्वागत।

**7 सितंबर**–सिवनी अनुविभाग अंतर्गत बायीं तट नहर का पार फूट गया, जिससे दर्जनों गांवों में सिंचाई बंद हो गई।

**6 अक्टूबर**–जिला अस्पताल में वार्ड ब्वाय और नर्स बनने टूट पड़ी बेरोजगारों की भीड़।

**1 नवंबर**–शिवरीनारायण में क्लीनिक संचालक ने की महिला की हत्या।

**9 दिसंबर**। शिवरीनारायण में मार्बल टाइल्स अनलोड करते समय हुए हादसे में दो मजदरों की मौत हो गई।



29 दिसंबर 2023

## जिसे हत्या के आरोप में पकड़ा, उसी की हुई थी मौत

बलौदा के छाता जंगल में ऑटो चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने जिस आरोपी को पकड़ा वास्तव में वही ऑटो चालक निकला।

4 अप्रैल 2023

## बेरहमी से तोड़े मकान-दुकान विवादों में रहा प्रशासन

अप्रैल महीने में जिला प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर तोड़फोड़ अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों मकान, दुकान तोड़े गए। इसको लेकर पक्षपात के आरोप लगे और प्रशासन विवादों में रहा।





17 नवंबर 2023

## विधानसभा चुनाव, जनता निकली विधायक चुनने

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जांजगीर व सक्ती जिले के छह सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान जिले की जनता विधायक चुनने निकली। चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को आया, जिसमें अविभाजित जिले के छह सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई।